दिनांकः 19.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नये मानक स्थापित कर रहा है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महाकुम्भ में राजस्थान मण्डप का जायजा लिया–उन्होंने अधिकारियों से मण्डप में आने वाले हर राजस्थानी को सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदाओं के समय एनडीआरएफ की भूमिका को सराहा।
- प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा–21 जनवरी से राज्य में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अन्तरिक्ष के क्षेत्र में की गई उपलब्धियों की सराहना की है। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों की स्पेस डॉकिंग प्रक्रिया को ऐतिहासिक बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूरदर्शी वैज्ञानिकों की बदौलत भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। श्री मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत आज आधुनिक स्पेस टेक्नोलॉजी में अग्रणी बन गया है।

---------------

प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप्स का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश के छोटे शहर भी स्टार्टअप का केन्द्र बन रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि ये बहुत गर्व की बात है कि इनमें से आधे से ज्यादा स्टार्टअप का नेतृत्व हमारी बेटियां कर रही हैं।

----------------

इस साल के पहले मन की बात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी को सामुहिक इच्छाशक्ति के साथ देश के विकास के लिए भागीदारी निभाने को कहा। उन्होंने कहा कि बीते दशकों में देश का लोकतंत्र सशक्त और समृद्ध हुआ है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि कुम्भ विविधता में एकता का उत्सव है, यहां पूरी दुनिया से लोग जुटते हैं। इसमें युवाओं की भागीदारी व्यापक रूप से नजर आती है। श्री मोदी ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है इसलिए इस बार के गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज प्रयागराज में राजस्थान मण्डप में मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रदेशभर में मन की बात कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर सामुहिक रूप से सुना गया। केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने इसे कार्यकर्ताओं के साथ अजमेर में सुना। वहीं प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ये कार्यक्रम सुना।

000

**महाकुंभ से जुड़े समाचार –**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान लोगों ने आकाशवाणी से प्रसारित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। यह कार्यक्रम लाउड स्पीकर से प्रसारित किया गया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम पर पावन डुबकी लगायी। श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री कल प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने राजस्थान मण्डप का जायजा लिया और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को देखा। उन्होंने अधिकारियों से राजस्थान मण्डप में आने वाले हर प्रदेशवासी को सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आज आग लग गई। इस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। आग से किसी के हताहत होने के समाचार नहीं है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से बात कर घटना जानकारी ली।

-------------

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन कल से पटना में शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का इस सम्मेलन का उद्‍घाटन करने का कार्यक्रम है। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय **'संविधान की 75वीं वर्षगांठः संवैधानिक मूल्यों को मजबूत बनाने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदान'** है। सम्मेलन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष 'संसद की कार्यप्रणाली और प्रक्रिया' के 8वें संस्करण का विमोचन करेंगे।

000

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव आज कोटपुतली–बहरोड़ के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने बहरोड के खोहर गांव में ई–लाइब्रेरी का उद्‍घाटन किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय भवन तैयार किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफी फायदा मिलेगा।

---------------

आज **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल–एनडीआरएफ** का स्थापना दिवस है। आपात स्थितियों में देश के बचाव प्रतिकिया दल के रूप में इसकी शुरूआत की गई थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में एनडीआरएफ के साहस, समर्पण और आपात स्थितियों में उनकी अटूट प्रतिबद्धता को

प्रशंसनीय बताया है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीआरएफ ने आपदा प्रबंधन में वैश्विक मानक स्थापित किये हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एनडीआरएफ की आपदा के समय भूमिका की सराहना की है। विजयवाड़ा में एक समारोह में उन्होंने कहा कि जब भी कोई आपदा आती है एनडीआरएफ हमेशा मदद के लिए तत्पर रहती है।

--------------

भरतपुर में आज जीएसटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से हुए इस कार्यक्रम में भरतपुर और डीग जिले के उद्यमी शामिल हुए। इस दौरान उन्हें तैयार माल के निर्यात, परिवहन और जीएसटी से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गई। इस अवसर पर उद्योग जगत् की समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

000

सवाईमाधोपुर शहर का आज 262वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर हैरिटेज वॉक और पारम्परिक खेलकूद सहित विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ त्रिनेत्र गणेश मन्दिर में महाआरती के साथ हुआ।

---------------------

झुन्झुनू जिले में अलसीसर क्षेत्र के रामपुरा गांव में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और चार व्यक्ति घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जयपुर रैफर किया गया है। दुर्घटना झुन्झुनू–राजगढ़ रोड़ पर दो कारों की आमने–सामने की टक्कर से हुई।

000

सर्दियों के मौसम के साथ ही प्रदेश के बाजारों में तिल, गुड़ और मूंगफली की दुकानें सज जाती हैं। कड़ाके की ठण्ड में गजक की मांग भी बढ़ जाती है। पेश है एक रिपोर्ट–

------------------

प्रदेश में आज सीकर, चूरू, करौली, भीलवाड़ा, भरतपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ और जयपुर सहित कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढोतरी दर्ज की गई है। अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान 7 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। वहीं सबसे कम सिरोही में 4 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। विभाग ने अगले दो–तीन दिनों में तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढोतरी होने और कहीं–कहीं घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। वहीं 21 और 22 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इसके असर से राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

000